आ0सं0ः—भवन—13 / अभि0प्र0(नि0)—03—निलंबन / कालीकृत—04 / 2023.............दिनांक—

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

# आदेश

अनु० जाति एवं अनु० जनजाति कल्याण विभाग अन्तर्गत संचालित राजकीय अनुसूचित जाति आवासीय+2 उच्च विद्यालय महकार, गया का 560 आसन से 720 आसन में उत्क्रमण का अतिरिक्त कार्य के निविदा में फर्जी कागजात समर्पित करने के कारण मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि०, पटना के पत्रांक—186 दिनांक—20.01.2023 द्वारा इस हेतु संवेदक को दोषी मानते हुए इनके विरूद्ध बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली—2007 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी।

उक्त अनुशंसा के आलोक में दिनांक—21.03.2023 को अभियंता प्रमुख—सह—अपर आयुक्त—सह—विशेष सचिव की अध्यक्षता में कालीकरण / निलंबन संबंधी बैठक हुई, जिसमें समिति द्वारा संवेदक से स्पष्टीकरण पूछने एवं मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि०, पटना से निविदा समिति की कार्यवाही मांगने का निर्णय लिया गया है । तदालोक में विभागीय पत्रांक—4201(भ)अनु0 दिनांक—23.05.2023 द्वारा संवेदक से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। उक्त स्पष्टीकरण का जवाब संवेदक से अप्राप्त है।

अभियंता प्रमुख—सह—अपर आयुक्त—सह—विशेष सचिव की अध्यक्षता में कालीकरण / निलंबन संबंधी बैठक दिनांक—30.05.2023 को हुई, जिसमें समिति द्वारा संवेदक को स्मार पत्र भेजने के साथ—साथ प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से भी सूचित करने का निर्णय का लिया गया । तदनुसार विभागीय पत्रांक—5125(भ)अनु0 दिनांक—22.06.2023 द्वारा संवेदक को स्मारित किया गया एवं दिनांक—28.06.2023 को विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से प्रेस विज्ञप्ति भी प्रकाशित की गयी। तदोपरांत संवेदक से स्पष्टीकरण का जवाब प्राप्त हैं

पुनः दिनांक—26.07.2023 को अभियंता प्रमुख—सह—अपर आयुक्त—सह—विशेष सचिव की अध्यक्षता में कालीकरण / निलंबन संबंधी बैठक हुई, जिसमें विचारोपरांत समिति द्वारा संवेदक के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए उनके निबंधन को दो वर्षो के लिए निलंबित करने का निर्णय लिया गया ।

अतः संवेदक, Anil Ray, Bishunpur, P.O-Kurup Indrahiya, P.S-Sasaram Muffasil, Dist-Rohtas(Bihar), Pin-802217 का निबंधन संख्या—BCD-1/1220251 को आदेश निर्गत होने की तिथि से दो वर्षों के लिए निलंबित किया जाता हैं ।

ह0 / —

**(राकेश कुमार)**

अभियंता प्रमुख—सह—अपर आयुक्त—सह—विशेष सचिव

ज्ञापांक—भवन—13 / अभि0प्र0(नि0)—03—निलंबन / कालीकृत—04 / 2023 पटना,दिनांक—

स्पीडपोस्ट

प्रतिलिपिः—संवेदक, Anil Ray, Bishunpur, P.O-Kurup Indrahiya, P.S-Sasaram Muffasil, Dist-Rohtas(Bihar), Pin-802217 का निबंधन संख्या—BCD-1/1220251 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / —

अभियंता प्रमुख—सह—अपर आयुक्त—सह—विशेष सचिव

ज्ञापांक—भवन—13 / अभि0प्र0(नि0)—03—निलंबन / कालीकृत—04 / 2023........ पटना,दिनांक—

प्रतिलिपिः—सचिव के आप्त सचिव, भवन निर्माण विभाग / पथ निर्माण विभाग / जल संसाधन विभाग / लोक स्वास्थय अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / ऊर्जा विभाग / ग्रामीण कार्य विभाग / प्रबंध निदेशक बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना / मुख्य महाप्रबंधक(परियोजना), बिहार चिकित्सा सेवायें एवं आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल, उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना / सभी मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग / सभी अधीक्षण अभियंता / सभी कार्यपालक अभियंता,भवन निर्माण विभाग / मुख्य अभियंता योजना एवं विकास विभाग / मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0 / —

अभियंता प्रमुख—सह—अपर आयुक्त—सह—विशेष सचिव

ज्ञापांक– भवन–13/अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन/कालीकृत–04/2023.......... 7190 (भ) पटना,दिनांक– 04/9/23

प्रतिलिपिः–आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

01/9/23

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव